राजस्थान सरकार

कार्यालय, अधीक्षण भू–वैज्ञानिक, भीलवाड़ा वृत, भीलवाड़ा

खान एवं भूविज्ञान विभाग, खनिज भवन, पन्नाधाय सर्किल के पास, आजाद नगर, भीलवाड़ा

ई–मेल : supgeo.bhilwara@rajasthan.gov.in

क्रमांक – अभूवै / भील. / निविदा / प.157 / 2022–23 / 389 दिनांकः 22-8-2022

खुली निविदा आमन्त्रण सूचना 01 / 2022–23

कार्यालय अधीक्षण भूवैज्ञानिक, खान एवं भूविज्ञान विभाग, भीलवाड़ा के अधीन खनिज सर्वेक्षण एवं पूर्वेक्षण हेतु आऊंटसोर्सिंग पर करवाये जाने वाले कार्यो बाबत् विभिन्न सम्बन्धित परियोजनाओं पर निम्न तालिका अनुसार कार्य किये जाने है। उक्त समस्त कार्य करने हेतु राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम,1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 एवं कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत नियमानुसार पंजीकृत संवेदक ही उक्त प्रकार की बोली में भाग लेने हेतु अर्हत होंगे। पंजीकृत फर्म / एजेन्सी / संस्थानों से खुली निविदाये मोहरबन्द लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। निविदायें दिनांक 16.09.2022 को प्रातः 11.00 बजे तक प्राप्त की जाकर उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कक्ष में खोली जावेगी। ये निविदायें वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिये तथा नियमानुसार विस्तारित अवधि के लिये विधिमान्य होंगी जिसकी अवधि आपसी सहमति से नियमानुसार बढ़ायी जा सकती है। निविदा आमन्त्रण दस्तावेज यथा प्रारूप, शर्ते एवं संलग्नक इत्यादि निविदा शुल्क की राशि 200 / –(रूपये दौ सौ रूपये मात्र) नकद या पे आर्डर के रूप में जमा करवाकर (जो लौटाने योग्य नहीं होगी) कार्यालय समय में निविदा राजस्थान लोक उपापन के स्टेट पोर्टल की वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर अपलोड होने की तिथि से कार्यालय से प्राप्त किये जा सकेंगे। बिड सिक्यूरिटी राशि डी.डी. अथवा बैंकर चैक के रूप में संलग्न की जावें। निविदा या निविदा के किसी भी भाग को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

क्रं. सं.	निविदा कार्यो का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत	बिड सिक्यूरिटी राशि	निविदा शुल्क
1	2	3	4	5
1.	विभागीय परियोजनाओं से सम्बन्धित कार्य, खनिजों के डेलिनियेशन सबंधी कार्य,एम.एल. / पी.एल. / सी.एल. क्षेत्रों पर आवश्यक कार्य यथा सेम्पलिंग (सेम्पल कलेक्शन एवं सेम्पल पिप्रेशन) का कार्य, सर्वे से सबंधित कार्य , सर्वे उपकरणों इत्यादि की सुरक्षा एव रखरखाव का कार्य, परियोजना पर पिटिंग / ट्रेन्चिग करवाना, केम्प चौकीदारी एव संचालन सबंधी एवं निर्देशानुसार अन्य सम्बन्धित कार्यो को आउटसोर्सिंग के आधार पर पूरा करना।	05 लाख / – रू. (अक्षरे रू. पॉच लाख मात्र)	10000 / – रू. (अक्षरे रू. दस हजार मात्र)	200 / – रू. (अक्षरे रू. दो सौ मात्र)

समस्त निविदादाताओं को राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम' 2012 एव 'नियम' 2013 के अध्ययधीन अन्य आवश्यक शर्तो तथा निविदा में सम्मलित शर्तो की पालना व सभी आवश्यक दस्तावेजों को सम्यक रूप से प्रस्तुत करना होगा, जिसकी प्रमाणिकता व पालना की समस्त जिम्मेवारी निविदादाता की होगी।

(नितिन चौधरी)
अधीक्षण भू–वैज्ञानिक
भीलवाड़ा